**भारत सरकार**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

**विज्ञापन संख्या : आरआरकेट-4/2019**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 08/08/2019**

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र (आरआरकेट), इन्दौर (म.प्र.) में निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु योग्य अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं

| | |
|---|---|
| पद नाम | चालक-सह-पम्प ऑपरेटर-सह-फायरमेन /ए – "ग्रुप सी अराजपत्रित" |
| वेतनमान | वेतन मेट्रिक्स का लेवल-3, कोष्ठिका-1 : ` 21700/- प्रतिमाह एवं यथादेय अन्य भत्ते |
| पद संख्या | 04 [03-अनारक्षित, 01- अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर)] |
| अपेक्षित योग्यता | न्यूनतम 50% अंको के साथ एच.एस.सी (10+2) (रसायनिकी के साथ विज्ञान विषय में) या समकक्ष + एक वर्ष तक वाहन चलाने के अनुभव के साथ भारी वाहन चालन का वैध लाइसेंस + राज्य अग्नि प्रशिक्षण केंद्र से अग्निशमन यंत्र जैसे अग्निशामक यंत्र इत्यादि में सर्टिफिकेट कोर्स |
| शारीरिक मानक | कोई शारीरिक विकृति नहीं<br>ऊँचाई : 165 से.मी. (न्यूनतम)<br>वजन : 50 किग्रा (न्यूनतम)<br>सीना : 81 से.मी. (न्यूनतम) तथा न्यूनतम 86 से.मी. (फुलाकर)<br>दृष्टि : 6/6, बिना चश्मा या अन्य किसी की सहायता से। रतौंधी अयोग्यता माना जाएगा। |
| चयन / भर्ती की विधी | शारीरिक क्षमता परीक्षण के पश्चात वाहन चालन का परीक्षण किया जाएगा। जो अभ्यर्थी इन परीक्षण में पास होंगे उन्हें चरण-I (प्रारंभिक परीक्षा) तथा चरण-II (प्रगत परीक्षा) में शामिल होना होगा। |
| आयु | न्यूनतम 18 वर्ष। अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये अधिकतम 25 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर) अभ्यर्थियों के लिये अधिकतम 28 वर्ष।<br>(i) भूतपूर्व सैनिक, (ii) विभागीय अभ्यर्थी (केंद्र सरकार के असैनिक कर्मचारी), (iii) 1984 के दंगो में मारे गये लोगों के परिवार के सदस्यों, (iv) 01.01.1080 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी (v) विधवा, तलाकशुदा तथा विधवा, तलाकशुदा एवं न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हो चुकी महिलाओं और जिन्होंने फिर से विवाह नहीं किया है; को सरकारी विद्यमान नियमों के अनुसार आयु में छुट प्रदान की जाएगी। |
| कार्य का स्वरुप | आग लगने संबंधी आपात स्थिति के समय एवं रात दिन की पारी में विशेष सेवा में बुलाने पर उपस्थित होना। मुख्य अग्निशमन उपकरणों को चलाना एवं प्रचालन करना। लॉग बुक का रखरखाव, अग्निशमन उपकरणों, प्राथमिक उपचार अग्निशमन उपकरणों, अग्निशमन संचार प्रणालियों का रखरखाव एवं उनका समय समय पर परीक्षण करना। उपस्थिति-पंजिका, दुर्घटना संबंधी पुस्क का रखरखाव एवं सभी परेड में प्रतिभागिता, फायर ड्रिल अभ्यास इत्यादि। |

**चयन प्रक्रिया :**

चालक-सह-पम्प ऑपरेटर-सह-फायरमेन /ए पद के लिए स्क्रीन्ड इन किए गए अभ्यर्थियों को विधिवत रूप से गठित बोर्ड द्वारा निम्नानुसार शारीरिक क्षमता परीक्षा पास करनी होगी, तत्पश्चात, ड्राइविंग परीक्षा ली जाएगी :-

| क्रं | परीक्षा का विवरण | 40 वर्ष तक | 40-45 वर्ष के मध्य | 45-50 वर्ष के मध्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी 100 मीटर दौड़ने में सक्षम होना चाहिए | 25 सेकंड | 28 सेकंड | 30 सेकंड |
| 2 | अभ्यर्थी को प्रत्येक 15 मीटर लंबे 4 होजेज को उपकरण से बिछाने में सक्षम होना चाहिए | 3 मिनट<br>3 मिनट में-10 अंक<br>3-4 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>4-5 मिनट के मध्य – 6 अंक<br>5 मिनट से अधिक- कोई अंक नहीं | 4 मिनट<br>4 मिनट में-10 अंक<br>4-5 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>5-6 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>6 मिनट से अधिक- कोई अंक नहीं | 5 मिनट<br>5 मिनट में -10 अंक<br>5-6 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>6-7 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>7 मिनट से अधिक- कोई अंक नहीं |
| 3 | 10 मीटर लंबाई की सीढ़ी पर दो बार चढ़ने एवं उतरने में सक्षम होना चाहिए | 2 मिनट<br>2 मिनट में-10 अंक<br>2-3 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>3-4 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>4 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 3 मिनट<br>3 मिनट में-10 अंक<br>3-4 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>4-5 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>5 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 4 मिनट<br>4 मिनट में-10 अंक<br>4-5 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>5-6 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>6 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं |
| 4 | अभ्यर्थी को लगभग अपने वजन के व्यक्ति को फायरमैन लिफ्ट पद्धति द्वारा उठा कर 25 मीटर से अधिक ले जाने में सक्षम होना चाहिए | 3 मिनट<br>3 मिनट में-10 अंक<br>3-4 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>4-5 मिनट के मध्य – 6 अंक<br>5 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 4 मिनट<br>4 मिनट में-10 अंक<br>4-5 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>5-6 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>6 मिनट से अधिक–कोई अंक नहीं | 5 मिनट<br>5 मिनट में-10 अंक<br>5-6 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>6-7 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>7 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं |
| 5 | पुश अप्स करने में सक्षम होना चाहिए | लगातार 20 पुशअप – 10 अंक<br>(कम संख्या के लिए समानुपात में) | लगातार 15 पुशअप– 10 अंक<br>(कम संख्या के लिए समानुपात में) | लगातार 12 पुशअप– 10 अंक<br>(कम संख्या के लिए समानुपात में) |
| 6 | 1.6 किमी. दौड़ने में सक्षम होना चाहिए | 10 मिनट<br>10 मिनट में-10 अंक<br>10-11 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>11-12 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>12 मिनट से अधिक– कोई अंक नहीं | 12 मिनट<br>में 12 मिनट-10 अंक<br>12-13 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>13-14 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>14 मिनट से अधिक–कोई अंक नहीं | 14 मिनट<br>14 मिनट में-10 अंक<br>14-15 मिनट के मध्य– 8 अंक<br>15-16 मिनट के मध्य– 6 अंक<br>16 मिनट से अधिक–कोई अंक नहीं |
| 7 | रस्सी/ खड़े पाइप पर चढ़ना | 3 मीटर<br>3 मीटर – 10 अंक<br>2.5-3 मीटर के मध्य- 8 अंक<br>2-2.5 मीटर के मध्य- 6 अंक<br>2 मीटर से कम– कोई अंक नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

**टिप्पणी :**

1. क्रं 1 में दर्शाए गए परीक्षण में अर्हता प्राप्त करना आवश्यक है, जिन्होने अर्हता प्राप्त नहीं की वे अभ्यर्थी आगे के परीक्षणों के लिये अयोग्य होंगे तथा अन्य परीक्षण नहीं किये जाएंगे।
2. क्रं 2 से 7 तक के परीक्षण हेतु आवश्यक अर्हता अंक (समान महत्व देते हुए ) को मिलाकर औसत रुप में प्रतिशत 90% से अधिक होना चाहिये।

**चरण-1 (प्रारंभिक परीक्षा):** जो अभ्यर्थी की शारीरिक क्षमता परीक्षण के पश्चात वाहन चालन परीक्षण में अर्हता प्राप्त करेंगे उन्हें चरण-1 की लिखित परीक्षा के लिये अनुमति दी जाएगी। चरण-1 में लिखित परीक्षा का आयोजन अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने हेतु किया जाएगा।

1. परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों का (चार उत्तरों का विकल्प) समावेश होगा जिसकी अवधि 1 घण्टा होगी :

   गणित : 20 प्रश्न

   विज्ञान : 20 प्रश्न

   सामान्य जागरूकता : 10 प्रश्न

2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए '3' अंक दिये जाएंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए '1' अंक काट लिया जाएगा।
3. परीक्षा संचालन की आवश्यकताओं के आधार पर एक सत्र / अलग अलग सत्रों में संचालित की जा सकती है।

4. अनारक्षित श्रेणी के 40% से कम अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को स्क्रिन आऊट कर दिया जाएगा। अपिव श्रेणी के पदों के लिए कट-ऑफ प्रतिशत में उचित छूट प्रदान की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चरण 2 के लिए पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थियों को स्क्रीन-इन किया जा सके। तथापि चरण 1 में आरक्षित श्रेणी के पदों के लिए न्यूनतम कट-ऑफ 30% से कम नहीं किया जाएगा।

**चरण 2- एडवांस्ड परीक्षा :**

1. चरण 1 में स्क्रीन-इन किए गए सभी अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित ट्रेड में एडवांस्ड परीक्षा देनी होगी।
2. परीक्षा में संबंधितपाठ्यक्रम के 50 बहु विकल्पीय प्रश्नों (चार उत्तरों का विकल्प) का समावेश होगा, जिसमें '3' अंक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दिये जाएंगे एवं '1' अंक प्रत्येक गलत उत्तर के लिये काट लिया जाएगा। परीक्षा की अवधि दो घण्टे होगी।
3. 30% से कम अंक पाने वाले सभी अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्क्रिन आऊट कर दिया जाएगा। अपिव श्रेणी के पदों के लिए प्रतिशत में उचित छूट प्रदान की जाएगी। तथापि चरण 2 में आरक्षित श्रेणी के लिए कट-ऑफ 20% से कम नहीं होगा।
4. अभ्यर्थियों की वरियता सूची सिर्फ चरण 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर ही तैयार की जाएगी।
5. समान अंक होने की दशा में योग्यता सूची में स्थान निर्धारित करने हेतु क्रमानुसार निम्नलिखित मापदण्डों को अपनाया जाएगा :
   - चरण 2 में प्राप्त कम नकारात्मक अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में कम नकरात्मक प्राप्त अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में गणित में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में विज्ञान में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।

## सामान्य अनुदेश :

क. आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में दिये गए आवश्यक मापदण्डों को पूरा करते हैं। अभ्यर्थियों द्वारा सही जानकारी देना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही लिखित परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। यदि बाद में अन्य किसी स्तर पर यह पता चलता है कि अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी गलत है या अभ्यर्थी आवश्यक मापदण्डों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उमीदवारी निरस्त कर दी जाएगी एवं कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।

ख. विज्ञापन में दर्शाए गए रिक्त पदों पर भर्ती सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के अधीन है और लिये गये निर्णय, अन्यथा समय समय पर जारी सरकारी आदेशों के अनुसार पद नही भी भरे जा सकते हैं।

ग. विज्ञापन में निर्धारित पात्रता मानकों जिसमें अनुभव की अवधि भी शामिल है, का निर्णय आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक के संदर्भ में किया जाएगा।

घ. **<u>यात्रा भत्ता</u>**

(i) लिखित परीक्षा हेतु बाहर से बुलाए गए समस्त अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को नियमानुसार लघुत्तम मार्ग से आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल किराया (टिकट प्रस्तुत करने पर) यात्रा-भत्ते के रूप में दिया जाएगा।

(ii) तथापि, लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अजा/अजजा के अभ्यर्थी जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार सेवा, केंद्र/राज्य सरकार निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय, स्थानीय सरकारी संस्थान, पंचायत में कार्यरत हैं और रेलवे से इस यात्रा संबंधी रियायत ले चुके हैं वे इस यात्रा-भत्ता के पात्र नहीं होगें।

(iii) यात्रा-भत्ता फार्म आरआरकेट की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। यात्रा-भत्ते का भुगतान अजा/अजजा जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति एवं पेपर टिकिट प्रस्तुत करने पर ही प्रदान किया जाएगा।

ङ. आरआरकेट, इन्दौर बिना सूचित किए अथवा बिना कोई कारण बताए पद भरने / रद्द करने / प्रतिबंधित करने / संशोधन करने / पूरी भर्ती प्रक्रिया परिवर्तित करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है।

च. इस विज्ञापन के तहत चयनित अभ्यर्थियों को आरआरकेट, इन्दौर में प्रशिक्षित किया जाएगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत उनको सामान्यत: आरआरकेट, इन्दौर में तैनात किया जाएगा लेकिन उन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग की भारत के किसी भी भाग में स्थित किसी भी संघटक इकाई में सेवा देने को तत्पर रहना होगा।

छ. जो अभ्यर्थी आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक **(08/08/2019)** तक अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता / अनुभव प्राप्त नहीं कर पाते हैं / नहीं करेंगे तो वे पात्र नहीं है, अत: उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

ज. अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे हमारी वेबसाईट <http:/rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html> का लगातार अवलोकन करते रहें ताकि उन्हे इस विज्ञापन से संबंधितअद्यतन जानकारी मिलती रहे ।

झ. जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने पुनः नियोजन हेतु भूतपूर्व सैनिकों को दिए जानेवाले आरक्षण के लाभों का उपयोग करकेनियमित आधार पर केंद्र सरकार के अधीन असैन्य सेवा क्षेत्र में पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है, वे भूतपूर्व सैनिकों की श्रेणी के तहत आरक्षण लाभों का दावा करने के पात्र नहीं हैं।

ञ. शारीरिक क्षमता परीक्षण /वाहन चालन परीक्षण / लिखित परीक्षा का आयोजन आरआरकेट, इन्दौर में ही किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें**

(i) **केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।**

(ii) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक**08/08/2019** है।

(iii) अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑन-लाइन प्रस्तुत करने हेतु http:/rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html वेबसाईट का अवलोकन करें।

(iv) अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर होना चाहिए, जो कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहना चाहिए।स्क्रिंड-इन अभ्यर्थियों को शारीरिक क्षमता परीक्षण /चालक परीक्षण / लिखित परीक्षा हेतु बुलावा पत्र केवल पंजीकृत ईमेल आईडी पर ही भेजा जाएगा।

(v) अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रुप से अपलोड करना होगा तथा प्रारंभिक परीक्षा के समय आवेदन पत्र के प्रिंट आऊट के साथ मूल प्रतियों तथा स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां प्रस्तुत करनी होगी:

क. हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो

ख. हस्ताक्षर

ग. आयु संबंधी प्रमाण पत्र(मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र / म्यूनिसिपल जन्म प्रमाण-पत्र)

घ. एच.एस.सी. (10+2) (रसायनिकी के साथ विज्ञान विषय में) या समकक्ष की अंकसूची

ङ. भारी वाहन चालन लाईसेंस

च. वाहन चालन अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र

छ. अग्निशमन पाठ्यक्रम में सर्टिफिकेट कोर्स

ज. अन्य पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)

झ. जम्मू-कश्मीर संभाग में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक अधिवासी होने सबंधी प्रमाणप्त्र (यदि लागू हो)

ञ. 1984 के दंगों में प्रभावित होने संबंधी प्रमाण (यदि लागू हो)

ट. अन्य कोई संबद्ध प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)

(vi) परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र नियुक्ति के लिए कोई अधिकार न समझा जाए। नियुक्ति पूरी तरह से सभी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन होगी।

(vii) वेबसाइट पर उपयोगकर्ता निर्देशिका उपलब्ध है, जिसमें आवेदन प्रक्रिया एवं हाल ही का फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को अपलोड करने संबंधी विवरण स्पष्ट तौर पर समझाया गया है। **अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें की ऑनलाईन आवेदन जमा करते समय उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।** ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व आवेदक उपयोगकर्ता निर्देशिका को पूरी तरह पढ़ लेवें।

(viii) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में होने वाली किसी भी विसंगति के लिये आरआरकेट जिम्मेदार नहीं रहेगा। अत: आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे अनुदेशों एवं उपयोगकर्ता निर्देशिका का सख्ती से पालन करें।

(ix) आवेदन पत्र अपलोड / प्रस्तुत करने से पूर्व अभ्यर्थियों को इस पद के लिए अपनी पात्रता के प्रति सजग एवं आश्वस्त होना चाहिए। आवेदन पत्र से संबद्ध किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

(x) अभ्यर्थी के पास ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव अवश्य रुप से होना चाहिये।

(xi) अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि उन्हें अंतिम दिनांक का इंतज़ार किए बिना, समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।

(xii) केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्तशासी निकाय इत्यादि में कार्यरत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर उन्हें लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**किसी भी प्रकार कि सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा**

**अचयनित उम्मीदवारों के रिकार्ड, चयन सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह के बाद नहीं रखे जाएंगे**

**********